भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
18.12.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3899 का उत्तर

किसान एक्सप्रेस और मगध एक्सप्रेस गाड़ियों को अलग-अलग करना

3899. श्री आनंद भदौरिया:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अगस्त और सितंबर, 2024 के दौरान दो ट्रेनों, अर्थात् किसान एक्सप्रेस और मगध एक्सप्रेस को क्रमशः उत्तर प्रदेश और बिहार में दो भागों में बाँटा गया था;
(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार ने उक्त ट्रेनों को दो भागों में बांटने की समीक्षा की है;
(घ) यदि हां, तो इसके निष्कर्ष क्या हैं; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): परिचालन के दौरान गाड़ियों के अलग होने की असामान्य घटनाएं अनुचित कपलिंग, सामग्री की गुणवत्ता, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण संक्षारण, गाड़ी परिचालन के दौरान टूट-फूट आदि जैसे अनेक कारकों के कारण होती हैं। ऐसी सभी असामान्य घटनाओं की जांच विस्तार से की जाती है और सवारी डिब्बों के डिजाइन में सुधार और कर्मचारियों के प्रशिक्षण आदि सहित अन्य आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

उक्त गाड़ियों में ये विशेष घटनाएं कपलर के एक घटक में जंग लगने के कारण हुईं। विस्तृत जांच के बाद, ऐसे मामलों के समाधन के लिए बेहतर जंग प्रतिरोधकता विनिर्दिष्टि वाली सामग्री का उपयोग शुरू किया गया है।

इसके अलावा, अमृत भारत एवं वंदे भारत गाड़ियों में उपयोग के लिए उन्नत अर्धस्वचालित कप्लर्स भी विकसित किए गए हैं, जिससे सवारी डिब्बों के बीच स्वचालित कपलिंग होती हैं।

इसके अलावा, भारतीय रेल पर यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सवारी डिब्बों का डिजाइन और विकास एक सतत् प्रक्रिया है।

****